ज्ञान शील एकता

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भीनमाल

पंजीकृत कमांक :- S-385/1949-50

वेबसाईट :- www.abvp.org ईमेल :- abvpbhinmal05@gmail.com

पत्रांक:- 2024/04 दिनांक:- 13/12/2024

सेवामें,

1. माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. माननीय राजस्व मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. श्रीमान् आयुक्त महोदय, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
5. श्रीमान् संभागीय आयुक्त महोदय, पाली।
6. श्रीमान् जिला कलेक्टर महोदय, जिला जालोर।

**विषय :- महाविद्यालय की भूमि को उप जिला चिकित्सालय के आवंटन को निरस्त करने के क्रम में।**
**द्वारा:- श्रीमान उपखण्ड अधिकारी, भीनमाल।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में निवेदन है कि महाविद्यालय की भूमि जो राजस्व रिकॉर्ड में महाविद्यालय के नाम इन्द्राज नहीं हैं उक्त जमीन महाविद्यालय के चारदीवारी परिसर में स्थित है यह भूमि महाविद्यालय की सन् 1966 से कब्जासूदा हैं जिसका खसरा नम्बर 7610/3973 एवं 7612/3974 को हाल ही में प्रशासन द्वारा कुल 2.5000 हैक्टेयर जमीन उप जिला चिकित्सालय (स्टाफ क्वाटर सहित) को आंवटित की गयी हैं जिस पर महाविद्यालय के खेल मैदान व स्टाफ क्वाटर तथा महाविद्यालय की अन्य गतिविधियों हेतु उपयोग में ली जा रही हैं :-

R/C

1. वर्तमान में महाविद्यालय के नाम राजस्व रिकॉर्ड में एक इंच भी जमीन का इन्द्राज नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण हैं। (डाटा राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार)
2. महाविद्यालय में वर्तमान में नियमित छात्र-छात्राओं की संख्या 1622 हैं तथा मुख्य परिसर व विज्ञान परिसर में कुल 648 छात्र-छात्राओं के बैठने की ही व्यवस्था हैं बाकि विद्यार्थियों हेतु नवीन कक्षा-कक्ष बनाया जाना प्रस्तावित हैं पीएम उषा योजनान्तर्गत कुछ कक्षा-कक्ष बनाने के वर्कऑर्डर जारी हो गये हैं।
3. महाविद्यालय में वर्तमान में हिन्दी विषय में स्नातकोत्तर हैं तथा अन्य विषयों भूगोल, राजनीति विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र, प्राणिशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र एवं रसायन विज्ञान, एबीएसटी, ई ए एफ एम आदि विषयों में पी.जी. में क्रमोन्नत करने हेतु प्रतावित हैं जिस इसलिए महाविद्यालय की पिछे की जमीन पर स्नातकोत्तर हेतु विभिन्न विषय विभागों के भवन बनाए जाने प्रस्तावित हैं।
4. वर्तमान में इस भूमि का उपयोग महाविद्यालय के खेल मैदान के रूप में किया जा रहा हैं तथा पीएम. उषा योजनान्तर्गत अध्ययनरत् विद्यार्थियों हेतु नए खेल मैदान यथा क्रिकेट, बॉस्केट बॉल, लॉन टेनिस, फूटबॉल इत्यादि मैदान आदि बनाए जाने है जिसका टेण्डर राजस्थान सरकार की एजेंसी रूडसीको की ओर से कर दिया गया है तथा वर्कऑर्डर भी जारी हो गया हैं।

13/12/24
उपखण्ड अधिकारी
भीनमाल

P.T.O.

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भीनमाल

पंजीकृत कमांक :- S-385/1949-50

वेबसाईट :- www.abvp.org ईमेल :- abvpbhinmal05@gmail.com




5. महाविद्यालय के पत्र क्रमांक 1524-1526 दिनांक 21.12.1978, 243/17.05.2006, 238/17.05.2006, 1216/18.01.2014, 272/17.04.2015, 550/11.09.2015, 2131/31.03.2018, 682/28.08.2024 के माध्यम से महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त खसरे की भूमि को महाविद्यालय को आवंटित करने हेतु जिला कलेक्टर एवं विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से समय-समय पर निवेदन किया गया, लेकिन प्रशासन की महाविद्यालय के प्रति उदासिनता के चलते उक्त भूमि को महाविद्यालय के नाम आवंटित न कर बार-बार अन्य राजकीय उपक्रमों को आवंटित किया जाता रहा हैं इसी क्रम में वर्तमान में उक्त भूमि को उप जिला चिकित्सालय को पुनः आवंटित कर दिया गया हैं। **P.T.O.**
6. भामाशाह (अनकीबाई घमण्डीराम गोवाणी ट्रस्ट) द्वारा महाविद्यालय का मुख्य भवन तथा महाविद्यालय के सौंदर्यकरण हेतु लगभग 12 करोड़ राशि खर्च की गयी हैं तथा भविष्य में भी भामाशाह परिवार द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं।
7. इन्हीं मैदानों पर विगत वर्षों में कई बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई हैं।
8. महाविद्यालय की इस भूमि पर प्रतिवर्ष भारतीय वायुसेना का ट्रेनिंग शिविर भी लगता है तथा आवश्यकतानुसार हेलिपेड भी बनाया जाता हैं।
9. इस जमीन पर अगर अस्पताल बनता है तो महाविद्यालय के खेल मैदान तथा अन्य प्रस्तावित भवनों के निर्माण नहीं हो पाएंगे, जिसके कारण महाविद्यालय की नैक ग्रेडिंग तथा शिक्षा से संबंधित निमार्ण कार्य बाधित होंगे।

अतः आपसे निवेदन है कि स्थानीय प्रशासन द्वारा गलत प्रस्ताव बनाकर महाविद्यालय की भूमि को उप जिला चिकित्सालय (स्टाफ क्वाटर सहित) को आंवटित करवाया हैं महाविद्यालय की उक्त भूमि को विद्यार्थियों तथा महाविद्यालय के हितो को ध्यान में रखते हुए अतिशीघ्र पुनः महाविद्यालय को आवंटित कर इन खसरों को महाविद्यालय को आवंटित करने का श्रम करावें।

Utsav


नगर मंत्री

उत्सव दवे

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

भीनमाल

मो. न. - 9783695583